## महत्वपूर्ण एवं खास

### लोकवाणी में इस बार जिला स्तर पर विशेष रणनीति से विकास की नई राह विषय पर होगी बात

**रायगढ़ ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार जिला स्तर पर विशेष रणनीति से विकास की नई राह विषय पर बातचीत करेंगे। इस संबंध में इच्छुक व्यक्ति आकाशवाणी रायपुर के दूरभाष नंबर 0771-2430501, 2430502, 2430503 पर 25, 26 एवं 27 अगस्त को अपरान्ह 3 से 4 बजे के बीच फोन करके अपने सवाल रिकॉर्ड करा सकते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की 21 वीं कड़ी का प्रसारण 12 सितंबर 2021 को होगा। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफएम रेडियो और क्षेत्रीय समाचार चैनलों से सुबह 10.30 से 11 बजे तक होगा।

### वनरक्षक और भृत्य को अनाधिकृत अनुपस्थिति के लिए नोटिस

**रायपुर (आरएनएस)।** वनामंडलाधिकारी कोरबा ने वन मंडल में पदस्थ ड्यूटी पर वनरक्षक संतोष सिंह आनंद और भृत्य सतीश कुमार दुबे की अनाधिकृत अनुपस्थिति के मददेनजर दोनों को सात दिवस के भीतर पर कार्य पर उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया है। निर्धारित समयावधि में ड्यूटी पर उपस्थित नहीं होने पर सेवा समाप्ति की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### गोगामेढ़ी मेला स्थगितः श्रद्धालुओं से न आने की अपील

**रायपुर (आरएनएस)।** राजस्थान सरकार द्वारा कोविड-19 के कारण राज्य के हनुमानगढ़ जिला स्थित गोगामेढ़ी में अगस्त-सितंबर 2021 में आयोजित होने वाला गोगामेढ़ी वार्षिक मेला स्थगित कर दिया गया है। राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग के कमिश्नर ने मेला के स्थगित होने की सूचना जारी करने के साथ ही श्रद्धालुओं से गोगामेढ़ी न आने की अपील की है।

### किनारीटोला जलाशय में पडल फिलिंग एवं नहर मरम्मत के लिए 1.78 करोड़ की स्वीकृति

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन की जल संसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड स्थिति किनारीटोला जलाशय में पडल फिलिंग एवं नहर मरम्मत कार्य के लिए एक करोड़ 78 लाख 61 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार रायपुर को दी गई है। इस जलाशय के कार्य के होने से 300 एकड़ में सिंचाई की कमी को पूरा करने के साथ ही कुल 405 एकड़ में सिंचाई हो सकेगी।

### सिकंदराबाद-छपरा स्पेशल गाड़ी में अतिरिक्त स्थायी कोच की सुविधा

**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली सिकंदराबाद-छपरा- सिकंदराबाद स्पेशल गाड़ी में अतिरिक्त स्थायी कोच की सुविधा 29 अगस्त से दी जा रही है। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 07051/ 07052 सिकंदराबाद -छपरा-सिकंदराबाद स्पेशल गाड़ी में एक अतिरिक्त एसी-2 कोच की सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 07051 सिकंदराबाद-छपरा में सिकंदराबाद से 29 अगस्त से तथा गाड़ी संख्या 07052 छपरा-सिकंदराबाद में छपरा से 31 अगस्त से उपलब्ध रहेगी।

### नगर निगम में नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखों की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के नगर निगम में नौकरी लगाने का झांसा देकर 6 लोगों से लाखों की ठगी कर लेने की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक नेहरुनगर सरोरा उरला निवासी कु.यशोदा साहू 21 वर्ष पिता गोपाल साहू ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि सरोरा में रहने वाले राजेन्द्र सिंह राणा जो विकलांग है, किराये के मकान रवि शंकर साहू के घर रहता था, उसकी पत्नि अभी भी वही रहती है। राजेन्द्र सिंह राणा स्वयं को नगर पालिका निगम भोपाल में पर्यावरण एवं नगरीय प्रशासन विभाग में नौकरी करता है बताया था। आरोपी ने अपना परिचय पत्र दिखाकर प्रार्थिया को निगम रायपुर में सेक्टर 4 में राजस्व उप निरीक्षक के पद पर नौकरी लगा देने की बात कही थी व नौकरी लगाने के लिए पैसा मांगा था। जिसके बाद प्रार्थिया ने 09 अगस्त 2020 को 20000 रुपये एवं 10 सितम्बर 2020 को 20000/ रुपये कुल 40000/ रू नगद दिया था।

# स्कूलों का अच्छा रिजल्ट है शिक्षकों की जिम्मेदारी-कलेक्टर



### » कलेक्टर सिंह ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

**रायगढ़ ।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल शासन की महत्वपूर्ण योजना है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप स्कूलों के बेहतर संचालन के लिए सभी सुविधायें व संसाधन प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है। स्कूल में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना और अच्छा रिजल्ट शिक्षकों की जिम्मेदारी है। सभी प्रिंसीपल इस बात का विशेष ध्यान रखें कि उनके विद्यालय के शिक्षक अपने विषय में दक्ष हो तथा इंग्लिश मीडियम के मापदंड के अनुरूप अध्यापन कार्य कराने में सक्षम हो। स्कूल के रिजल्ट से ही वहां की शिक्षा की गुणवत्ता मापी जाएगी। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कही।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में कहा कि स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई के साथ ही उनका प्रेक्टिकल करायें एवं उन्हें खेल गतिविधियों से भी जोड़े। जो बच्चे अभी भी स्कूल में एडमिशन लेना चाहते है उन्हें एडमिशन जरूर दें। कलेक्टर सिंह ने महतारी दुलार योजना के हितग्राही बच्चों का विशेष ध्यान रखने और उनके ड्रेस एवं कापी-पुस्तक की भी उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ऐसे बच्चों के पढ़ाई में विशेष फोकस करते हुये स्कूलों में उन्हें अच्छा वातावरण उपलब्ध करायें। दूरस्थ अंचल से स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाई के लिए आने वाले बच्चों को ट्रायबल छात्रावास में रूकवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि बीते दो सालों से कोविड की वजह से स्कूल बंद होने के कारण बच्चे ठीक ढंग से पढ़ाई नहीं कर पाये है, उनके लिए एक्स्ट्रा क्लास लगाते हुए पिछले साल का सिलेबस का भी उन्हें रिवीजन करायें। जिससे उनकी सभी विषयों में पकड़ मजबूत हो सके।

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में बच्चों को मोटिवेट करते हुए उन्हें इंग्लिश स्पीकिंग करायें, उन्हें सामान्य ज्ञान की जानकारी दें, लाईब्रेरी में बैठाये और इंग्लिश पेपर पढ़ाये। बच्चों को आपस में अंग्रेजी में बात करने के लिए प्रेरित करें। जो बच्चे स्कूल नहीं आ रहे उन्हें ऑनलाईन पढ़ाई करायें। साथ ही ऐसे बच्चों को चिन्हांकित करें जो स्कूल नहीं आ रहे है और न ही ऑनलाईन पढ़ाई कर रहे है। जिससे उन्हें पढ़ाई से जोड़े रखने अतिरिक्त प्रयास किये जा सके। कलेक्टर सिंह ने जिले में चल रहे ईजीएल एवं सीख कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल भवन निर्माण की स्थिति की जानकारी ली तथा कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने सभी स्कूलों में शौचालयों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने शिक्षा विभाग की बैठक में स्कूल में आने वाले टीचरों की नियमित उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जिले के सभी प्राचार्यो को निर्देशित करते हुये कहा कि जो टीचर लेट आते है, बिना बताये अनुपस्थित रहते है उन पर सख्त कार्यवाही की जाए। कौन शिक्षक छुट्टी में कितने दिन रहे, अटैचमेंट शिक्षक, एकल शिक्षक की जानकारी अगली बैठक तक अपडेट करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य, डीएमसी रमेश देवांगन सहित सभी स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षक व स्टॉफ उपस्थित रहे।

**यूथ सेंटर में हो बच्चों के लिए कैरियर काउंसिलिंग की सुविधा** – कलेक्टर सिंह ने जिले में संचालित यूथ सेंटर की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसे युवा जो एग्जाम की तैयारी करना चाहते है उनके लिए यूथ सेंटर में ज्ञानवर्धन किताबें, न्यूज पेपर, कम्प्यूटर के साथ नेट की उपलब्धता, फोटो कापी मशीन, रोजगार निर्माण पत्रिका रखें। प्राइवेट सेक्टर के लिए तैयारी करायें एवं हर महीने जिले में पदस्थ आईएएस, डिप्टी कलेक्टर रेंज के अधिकारी को बुलाकर बच्चों के लिए कैरियर काउंसिलिंग कराते रहे।

## कंपनी में काम करते समय मशीन की चपेट में आने से मजदूर के हाथ का चार अंगुली कटा

**रायपुर (आरएनएस)।** उरला व धरसींवा थाना क्षेत्र में कंपनी में काम करने के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दूसरा मजदूर का हाथ का चार अंगुली कट गया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने दोनों मामले में अपराध कामय कर मामला दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक शीतला मंदिर उरला निवासी किशोर कुमार साहू 23 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि वह अपोलो कंपनी पाईप मिल बेन्द्री में पिछले डेढ वर्ष से काम कर रहा था। 24 मार्च को रात्रि में वह कंपनी में ड्यूटी पर गया था तभी मशीन सफाई करने कहने पर वह मशीन की सफाई कर रहा था,मशीन चालू था। इसी दौरान उसका हाथ का पंजा मशीन में फंसकर बुरी तरह से पिस जाने से उसे तत्काल निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया। जहां हाथ का आपरेशन कर चारों अंगुली काटना पड़ा। जिसके बाद एचआर राकेश साहू द्वारा प्रार्थी को भरोसा दिया गया कि उसे मुवाउजा व इलाज का खर्च कंपनी द्वारा दिया जाएंगा,रिपोर्ट दर्ज नही कराना। लेकिन कंपनी द्वारा कोई मुवाउजा नही दिया गया। हाथ का चार अंगुली कट जाने की वजह से वह काम करने योग्य नही है। इसी तरह शिवम पेपर मिल ग्राम गिरौध धरसींवा में काम करने के दौरान मशीन के पट्टा में फंस जाने से एक मजदूर गंभीर रुप से घायल हो गया। उपचार के लिए अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। शिवम पेपर मिल धरसींवा में 23 अगस्त को सोमवार की देर शाम कृष्ण कुमार गोड़ 32 वर्ष निवासी लोरमी जिला मुंगेली जो कंपनी के लेबर क्वाटर में रहता था।

## नाबालिग से छेड़खानी के दो आरोपी भेजे गये रिमांड पर



**रायगढ़।** दिनांक 24/08/2021 को बरमकेला पुलिस द्वारा बालिका से छेड़खानी मामले के फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया, आरोपी युवक बालिका को स्कूल आते जाते छेड़खानी, गंदे कमेंट्स किया करता था, उसकी इन हरकतों में उसका साथ देने वाले वाला उसके साथी को भी जेल जाना पड़ा।

जानकारी के अनुसार बरमकेला क्षेत्र में रहने वाली बालिका को वार्ड क्रमांक 11 बरमकेला में रहने वाला फरहान खान आये दिन घर आते जाते समय गंदे कमेंट्स कर छेड़खानी करता था। बालिका उसकी बातों को नजर अंदाज कर रही थी, जिससे उसका हौसला बढ़ गया और दिनांक 20/07/2021 को आरोपी फरहान बालिका के घर के सामने आ गया और बालिका को पसंद करता हूं कहने लगा। बालिका घर जाकर अपनी मां को इस बात को बताई। बालिका की मां फरहान के घर जाकर उसकी मां से शिकायत किये। कुछ दिनों तक फरहान अपनी हरकत बंद रखा और फिर दिनांक 11/08/2021 के सुबह फरहान अपने दोस्त प्रमोद के साथ बालिका के घर के पास आया और फरहान गंदी नियत से बालिका का हाथ बांह, कपड़े पकडकर खीचने लगा, उसका दोस्त प्रमोद सिदार भी उसका साथ दे रहा है। बालिका दिनांक 12/08/2021 को अपने परिजनों के साथ थाना आकर आरोपी फरहान खान और प्रमोद सिदार के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई रिपोर्ट पर अप.क्र. 252/2021 धारा 354, 354(ख), 354(घ), 34 आईपीसी 8 पास्को एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपीगण घटना के बाद से फरार थे, जिनकी पतासाजी के लिये थाना प्रभारी बरमकेला द्वारा मुखबिर एवं बीट आरक्षक तैनात किया गया था। दिनांक 24/08/2021 को आरोपीगण के घर आने की सूचना पर दोनों को हिरासत में लिया गया। आरोपी 1- फरहान खान पिता शरीफ खान उम्र 19 साल 2- प्रमोद सिदार पिता राम प्रसाद सिदार उम्र 33 साल दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 11 बरमकेला थाना बरमकेला को दिनांक 24/08/2021 को गिरफ्तार कर अपर सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ के न्यायालय में न्यायिक रिमांड लेने पेश किया गया।

## प्लांट में अवैध रूप से खपाने ले जाया जा रहा 28 टन कबाड़ ट्रक समेत जब्त

### » अवैध परिवहन पर पूंजीपथरा पुलिस की कार्रवाई



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर पूंजीपथरा पुलिस कबाड़ के अवैध परिवहन पर लगातार कार्रवाही कर रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 25/08/2021 को थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह के नेतृत्व में स्टाफ द्वारा अपना ढाबा तराईमाल के पास मेन रोड पर नाकेबंदी कर ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीएन 9274 को पकड़ा गया, वाहन के डाला में वाहनों एवं मशीनरी के पाट्र्स, राड, एंगल आदि अवैध कबाड़ लोड़ था।

आज दोपहर टीआई कृष्णकांत सिंह को सूचना मिली कि रायगढ़ की ओर से पूंजीपथरा जिंदल पार्क की ओर जाने के लिये ट्रक में लोड होकर कबाड़ ले लाया जा रहा है। मुखबिर सूचना पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा नाकेबंदी कर ट्रक को पकड़ा गया। पूछताछ में पुलिस को वाहन का चालक शिवनाथ कैवर्त वाहन में लोड कबाड़ के संबंध में कोई कागजात नहीं होना बताया जिस पर कबाड़ चोरी के संदेह पर अग्रिम कार्रवाई करते हुये ट्रक का धर्मकांटा में वजन कराया गया, ट्रक में 28 टन कबाड़ कीमती 7,20,000 रुपए होना पाया गया। ट्रक के चालक शिवनाथ कैवर्त पिता बुद्धसेन कैवर्त उम्र 29 साल निवासी हटबा थाना बहरी जिला सीधी (मध्यप्रदेश) के विरूद्ध थाना पूंजीपथरा में धारा 41(1+4)सीआरपीसी/379 आईपीसी की कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है।

## पीएचसी रामभांठा में नेत्रदान पर कार्यशाला आयोजित

### » राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के तहत हुआ कार्यक्रम



**रायगढ़ ।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वैलनेंस सेन्टर, रामभांठा रायगढ़ में 25 अगस्त 2021 को राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष 25 अगस्त से 08 सितम्बर तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के रूप में मनाया जाता है। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं नेत्र सहायक अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना एवं नेत्रदान के प्रति प्रेरित करना है। कोई भी व्यक्ति नेत्रदान करके कॉरनियल दृष्टिहीन व्यक्ति को रोशनी प्रदान कर सकता है और नेत्रदान की प्रक्रिया मृत्यु के पश्चात ही किया जा सकता है। यह प्रक्रिया मृत्यु के 06 घण्टों के अंदर पूरी हो जानी चाहिये। सामान्यतः 05 से 60 वर्ष की आयु वर्ग के हर व्यक्ति की ऑखे दान के लिये उपयुक्त होता है, किन्तु ऐसी परिस्थिति जैसे रेबिज, टिटनेस, एड्स, ब्लड कैंसर, ऑखों का कैंसर, हेपेटाइटिस, सिफलिस, तपेदिक, लेप्रोसी, सर्पदंश, जलकर, डूबकर और जहर सेवन से मृत्यु होने पर आंखों दान के लिये उपर्युक्त नहीं होते है, बताया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.काकोली पटनायक, डॉ. किशोर पटेल, के.पी. गोस्वामी, बी.एस.भोय, डॉ.भावना, अनुप पटेल एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नये जन्में कुपोषित बच्चों को निरंतर ट्रेक कर सुपोषण अभियान से करें लाभान्वित-दिव्या उमेश मिश्रा

### » संचालक महिला बाल विकास श्रीमती मिश्रा ने ली विभागीय समीक्षा बैठक



**रायगढ़ ।** महिला बाल विकास विभाग की संचालक श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने सृजन सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास की समीक्षा की बैठक ली। संचालक श्रीमती मिश्रा ने जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में विभाग के संयुक्त संचालकों द्वारा किए गए आकस्मिक निरीक्षण के फीडबेक के आधार पर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सुपोषण अभियान शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इसका पूरी गंभीरता से क्रियान्वयन किया जाना है। उन्होंने लगातार बच्चों की मॉनिटरिंग कर नये जन्मे बच्चे जो कुपोषित है उन्हें भी ट्रैक करने के निर्देश दिए। ताकि उनको भी अभियान के दायरे में लाते हुए जल्द कुपोषण मुक्त किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजित वजन त्यौहार, आंगनबाड़ी भवन, रेडी टू ईट फूड सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर भीम सिंह भी उपस्थित रहे।

संचालक श्रीमती मिश्रा द्वारा वजन त्यौहार की जानकारी लेते हुये कहा कि सभी बच्चों का वजन किया जाना चाहिए ताकि कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि यथासंभव कुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण आहार दिया जाए जिससे बेहतर परिणाम मिले। उन्होंने रेडी टू ईट पैकेट में समूह का नाम एवं उपयोग की अंतिम तिथि अनिवार्य रूप से अंकित हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्रीमती मिश्रा ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में आवश्यकतानुसार गेहू की आपूर्ति करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी भवनों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी केन्द्रों का फिजिकल वेरीफिकेशन कराते हुए प्रगतिरत, जर्जर, प्रारंभ नहीं हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही केन्द्रों में बिजली, पेयजल, शौचालय से संबंधित आवश्यक संसाधनों की पृथक से सूची बनाने के लिए कहा।

जिले के 640 आंगनबाड़ी केन्द्र को आदर्श आंगनबाड़ी बनाया जाना है। इसके लिए निर्धारित मापदण्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जिसके आधार पर आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्रों का चयन जल्द पूरा किया जा सके। उन्होंने इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों की सूची शीघ्र तैयार करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की सेक्टरवार समीक्षा की। जिन सेक्टरों में प्रदर्शन कमजोर रहा वहां नाराजगी जताते हुये जल्द कार्य बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित प्रकरण, पेंशन प्रकरण पर चर्चा करते हुए कहा कि लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को पोषण ट्रेकर एप की मदद से एन्ट्री करने के लिए मोटीवेट करने के निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी डायरेक्टर सर्व डी.एस.मरावी, आर.जे.कुशवाहा, श्रीमती गुरमीत कौर, एडी श्रीमती श्रुति नेलकर, सहायक संचालक सर्व सुनील शर्मा, मुक्तानंद खुटे, सोमेन्द्र पाल, शिव सोनी, श्रीमती ममता साहू, परेश त्रिवेदी, महिला बाल विकास अधिकारी टी.के.जाटवर सहित परियोजना अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक, एकीकृत बाल विकास परियोजना के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480